ओपै अमिय अँचौंगे आली श्रवन बचौंगी चपलान की चमकते ४५ गरजि घुमंडि लै सकल महिमण्डलै तहण्डविरहीनको उमण्डिकरि ऐंठैगो। दादुरपपीहा बोह दारुन दिखाईदेत मोरन को शोर तन तोर करि पैठैगो। चपलाकृपानबुन्द बानसे प्रवीन वेणी शीतल समीर प्रान अधिक अमैठैगो। जारीहैं बसन्तकौल-धारी मारी ग्रीषम की पावस कलंक तेरे शीश चढ़ि बैठैगो ४६ दामिनी दमक सुर चाप की चमक श्याम-घटाकी घमक अतिघोर घनघोरते। कोकिलाकलापी कल कूजत हैं जितजित शीकर ते शीतल समीर की भकोरते। सेनापति आवन कह्यो है मनभावन सु-लाग्यो तरसावन विरह जुर जोरते। आयो सखि सावन मदन सरसावन सुलाग्यो बरसावन सलिल चहुं ओरते ४७ कढ़ी दिशि दक्षिणते घोर घन घटा चढ़ी बढ़ी विरहीको दुख देनको न कमहै। ठाकुर भरोखे हू तनक ताकोतीय कह्यो तूरी ताकि आलीया उतम रंगतमहै। कह्यो वाहि मेघसों न मानै कहै जानै तन मरजत आवै या सुआयो येबाहमहै। हैनविज्जुहोत किरवारी रवड चमचम जोवआवै आवत जमात जोरे यमहै ४८ आई ऋतुपावस पपीहा बोलैं दादुर ये छ-तियाँ दरत तापैं विरह मदीकरैं। दौलत कहत हाल सुन्दरसरसबाल लालमोसा भयरा बिशालन रदीकरैं। चहुँ ओर चमकत चपलन चौंवचारु देखिदेखि मृग-नैनी बैन नदीकरैं। विरहिनि तियनके जियनके गा-

हक ये नाहविन नाहक बलाहक बढ़ोकरैं ४९ आये से अमल झलाझलऊ के टापे सेवे विधि कारीगर ने बिचित्र बिसतरेहैं। रंगत गहरेलाल लहरललामलोने छबिकी उमंगन सुहाये जल भरेहैं। ठाकुर कहत पूरे पानिपके मेरीओर सुखमा भरेहैं तातेउपमा न करेहैं। पावस फकीरकेके मदन अमीर के ये बासन चिनीके नोके ठौरठौर धरे हैं ५० लागयो मास सावन बिदेशी ठाँव ठाँवनसों आवनलगे हैं कैधौं उन्हैं सुधरी नहीं। कैधौं वहिगावनमें जावन कहत कोऊ कैतो गुनगावन कीरीझ अगारी नहीं। भनतकविन्द्र मनभावन तिहारे हम पावनको सेवैं तकसीरहू परीनहीं। हतेतो हितावनपै तावनलगेहो देह दावनलगेहोकी बिदावन करी नहीं ५१ शीतल समीरउर तीर सों लगतअरी हरीहरी बेलिनपै पावक प्रजारिदे। दादुरनि दूर करि पिकन पकरिदैरी बागनके बाहिर मधुपमोर मारिदे। पावस में पियबिन बिपति बढ़ावैं येसु जीवन जिवैवे की उपाय उपचारिदे। दामिनी दबायदे तू बादर बिदाकरी बुन्दन बरजिकरि बगन बिडारिदे ५२ पावसप्रथम प्रिय आपनो अवधि सोतो आवतही आवैं तो बुलाव अति आदरन। नाहीं तो न होखहोन दैरी झीलझाबरन ग्रीषमहिँ भाषि खाली राखि खल खादरन। बीजुरी बरजिकहि मेघैं न गरजि इनप्राजमारे मोरमुख मोरही निरादरन। चोंच नोच चातकन कंठ रोंकि कोकिलन दूरि करि दादुर बिदाकरी बादरन ५३

आई ऋतुपावस न आये प्राण प्यारे याते मेघन बरज आली गरज सुनावैना। दादुरनि कहि बकि बकि जिन फोरैं कान पिकन हटकि भलि शब्द सुनावैना। बिरह व्यथामें मैंतो व्याकुल परी हौं देव जुगुनू चमकि चित चिनगी लगावैंना। चातक न गावैं मोर शोर ना मचावैं घन घुमड़ि न आवैं जौलौं लाल घर आवैंना ५४ गरज पुकारसे बियोगी तनछार भये बूँदें बिष बारि परैं महाबिषधारी के। धुरवा अनेक फन मण्डन को बिज्जुमणि चमकि चकितचित होत नरनारीके। बोरैं फेन झरैं बायु मंत्रसों सँचारकरैं देशनमें रोरिपरै सूरत डरारीके। भामिनि भँडारेविष बामीते निकारेकान्ह फिरैं घनकारे नागपावस खिलारी के ५५ घेरि घेरि घहरि घहरि घन आये घोर तापै महामारुत झकोरत झरपसो। सुनि सुनि कूकनि मयूरन की बोर में तो राख्यो निज प्रान यमराजहि अरपसो। भीतभरी भौन ते कढ़ौन कमलापति मैं तऊवेधे डारैं हियो तड़िता तरपसो। गावन मलारको सुहावन लगै न भयो भावन बिनारी मोहिं सावन सरपसो ५६ कारीघटा कामरूप कामको दमामो बाज्यो गाज्यो कवि ग्वाल देत दामिनि दरेरसी। लपकि झपकि आयो दादुर मचायो शोर हमैं तो बिरह सखि मदन दरेरसी। बालमबिदेश बसे चातकको जोरलसे ताहीसमै होत कछू औरै हरबेरसी। बूंदनको छन्दसुनि आँखैं मुँदिमुँदि जात आयो सखी सावन सँवारे शमसेरसी ५७ उमड़ि उमड़ि बकी

बद कूल बोरतहैं जोर जलधारनसों सूझत कहूंना है। परम प्रचण्ड पौन धावनि त्यों धुरवाकी झिल्लिन को शोर सुनेहोत कान सूना है। गिरिधरदास महाविऋजुको प्रकाशसोई लागो देह दुसह दवानल सों दूना है। सरो बाल जोई श्याम बिन सुखखोई यह पावस न होय प्रलैकाल को नमूना है ५८ आई ऋतुपावस बहत पुरवाई पौन काशीराम तैसी ये तड़ितछवि लपकन। झूमिआये बादर बिहंगबन बोलिउठे चहूंओर कुञ्जन अँध्यारी लागी झपकन। झिल्लीझनकार हहनात मोर शोरसुनि बिरहअगिनि जरि छातीलागीतपकन। हेरहार हरतन हारदेखों आठोंयाम पिया के बियोगमेो निशाहू लागी हपकन ५९ सावन की रैन मनभावन गोबिन्द बिन देत दुखभारन में झिल्लिन के शोरहैं। कालिदास प्यारी अँधियारीमें चपलाहोतउमड़िउमड़ि घनघहरतघोरहैं। सूने कुञ्ज मन्दिरमें सुंदरी बिसूरैबैठी दादुरयेदहकसी लेतचहुं ओरहैं। हियमेंबियोगिनके बिरह को हूकउठी कूकउठो कोइल कुहुक उठे मोरहैं ६० घूमिकै चहूंघा धायआवैं जलधाराधर तड़ित पताके बाँके नभमें पसारिगे। द्विजदेव कालिंदी समीपन के नीपनके पातपात योगिन जमातिनसें भरिगे। चातक चकोर मोर दादुर सुभट जोर निज निज दाँवदाँव ठाँवनमें अरिगे। बिनयकुराय अब कोऊकहा आयहाय पावसमहीपके चहूंघा घेरे परिगे ६१ कारे कारे घन ये दतारे से दबत आवैं बोलत नकीब कोकी

कोकिलाप्रमानकी। दामिनिकी दमकचमककिरवा-
ननकी आमनकी बरषा बिरहवृन्ददानकी। घासीराम
बाजत नगारे भारे मेघकैधौं कैधौं इन्द्रचापकीन्हो च-
ढ़जकसानकी। दावन पर्कारिप्यारी बूझैं मनभावन ते
सावनसमूह कैधौं आवन अमानकी ६२ साजेशोरबादर
समाजैंजोर चहूंओर बाजैंऋतुराजके बधाईकेतुरवा।
तेसीतनतीरसी बयारबहै सीरीसीरी मन्दमन्दबोलैं मद-
माते बनमुरवा। गवनकी तुम्हैंपरी आजु इहिसमैहरी
हरीहरी भूमिभई दूबके अँकुरवा। बूंदैंबरषावन पिया
के परसावन सनेहबरसावन ये सावनके धुरवा ६३ धु-
रवा कलिन्दीकूल इन्द्रचापबटमूल राजत अतूलअति
आनंदकी शालासी। गरजमृदङ्गभारी चातक अलाप-
चारी केकी ततकारी पिक देतहठतालासी। बड़ीबड़ी
बुन्दन बखेरि पुहुपांजलि को धीरी पौन उघटि सुघट
पाँतिआलासी। व्योम राजमण्डलमें नृत्यकरैं श्यामम-
घन आसपास दामिनी बिराजैं ब्रजबालासी ६४ भूमि
नाचै नर्तकसे मोर येरी चहूंओर चञ्चला अकाशदेव-
नारिसी नचतिहै। गायकसे गानकरैं चातक बिपिन
घन गन्धरब गावैंगीत आनँद रचतिहै। गिरिधरदास
देव फूलबरसावैं जल सुमनलुटावैं तरु बुद्धि योंं जचति
है। पावसको जनम भयोरी यासोंं सुखमा सोंं अवनि
अकाश में बधाईसी मचतिहै ६५ चंचला चमंकैं चहूं-
ओरनते चाहभरी चरजगईती फेरि चरजनलागींरी।
कहै पदुमाकर लवंगन की लोनी लता लरजि गईंती

फेरि लरजन लागींरी । कैसे धरौंधीर बीर त्रिविध स-
मीरें तन तरजि गईंती फेरि तरजन लागींरी । घुमडि
घमण्ड घटा घन की घनेरी अबै गरजि गईंती फेरि
गरजन लागींरी ६६ ॥ सवैया ॥ उमडे नभ ते क्षितिम-
ण्डल मेघ घमण्ड चहूं दिशि छाय रहे । कविचन्दन
चावसें चातकमोर हरेबन शोर मचायरहे । पियपा-
समें बिरही बनितानमें आवनहारते आयरहे । कोहि
कारणहाय बिहायहमें हरिजायबिदेशमें छायरहे ६७
छायकेप्रेम गयेजबते तबतेमैंबची करिकोटिउपायके ।
पायके पावसरी ऋतुसें अब कोबचिहै उदि कोकिल
गायके । गायके सो नँदलाल कहै चपला चमकै चहुँ
ओरसें आयके । आयके हाय मिले नहिं मोहन मेरी
अटापै घटारहीछायके ६८ कोरनलौंदृगदेतीहैं काजर
कारीघटा उमडी घनघोरन । घोरनते जो चली अलि
सुंदर नेकरहेती नहिं बागकेमोरन । मोरनकीगति नाचत
है नहिं मानतहै हटको बरजोरन । जोर न अञ्जन देउ
सखी अँगुरी कटिजैहैं कटाक्षकी कोरन ६९ ॥ कवित्त ॥
पावसप्रवेश वेश छाइरह्यो देश देश शेष ज्यों सरोष
श्वास पौन गहिबेपरी । दादुर दबावै तन घेरिघेरिआवै
घन कोकिनकी कूकै वनहूकै लहिबेपरी । जानेमा स-
याना जोहिमुखहू न आनी अब भूपतिभवानीदीन सोई
कहिबेपरी । आये नहीं लालबाल भईहै बिहाल हाय
चातक चवाइनकी चोटसहिबेपरी ७० ॥ सवैया ॥ तडपै
तडिता चहुँ ओरन ते क्षिति छाइ समीरन की लहरै ।

मदमाते महागिरि शृङ्गनपै गण मञ्जुमयूरनके कहरैं। तिनकी करणी बरणी न परै सो गरूर गुमानन सों गहरैं। घन ये नभमण्डलते छहरैं घहरैं कहुँ जाय कहूँ ठहरैं ७१ चपलाचटमोर किरीट लसै मघवा घन शोभ बढ़ावतहैं। मृदुगाजत आवत बीण बजावत मत्तमयूर नचावतहैं। उठिदेखु भटू भरि लोचन चातक चित्त की तापबुझावतहैं। घनश्यामघने घनवेश्वरे सो बनेबनते ब्रजआवतहैं ७२ ॥ कवित्त ॥ गर्जिलेघुमण्डिले सकलमहि मण्डले औ दण्ड बिरहीन को अदण्ड अब ऐंठैगो। पापीहू पपीहा पीउ दारुण देखाइ दुःख मोरन को शोर तन तोरि अंगपैठैगो। चपला कृपाण बुन्द बाण सो प्रवीण वेणी शीतल समीर तन अधिक उमैंठैगो। जारिहैं बसन्तको लेयारी मारी ग्रीषमको पावसक-लंक शीश तेरे चढ़ि बैठैगो ७३ गगनगरजिछायेमेघ जोर झरिलाये शीतल समीरबहै त्रिबिधभयामिनी। कोकिला कलोलैं करैं मोरबोलैं चहूं ओर कोपिकाम आयेजू अकेली यामकामिनी। ऊधोजी शरीर सुख सबकोऊ चाहतहै कहत बनै नहै पराई पीरपामिनी। मारेडारैंमदन मरोरे डारैं दादुरये दाबेमारैं बादर दबाये मारैं दामिनी ७४ ॥ सवैया ॥ आजरी देखु घटाघन सुन्दर सावनकीनो सुहावन साजरी। साजरी भूषण भोग शिंगारसो तेरोई आजु बन्यो सब काजरी। काजरीआज घरी बड़नेहकी तेरे अधीनखड़े ब्रजराजरी। राजरी वारों तिहूंपुरको मुरलीधरआये मयाकरिआ-

जरी ७५ ऋतुआई सोहाई नईबरषाबढो मोद मयूरनके हियको। हरियाई चहूंदिशि फैलिरही अनुरागबढ़ावतहै जियको। चढ़िऊंचे अटान बिलोके घटा कर कंजसे हाथ गहेपियको। लखि कंजकलीन तड़ागन में मुखमंजु मलीन भयो तियको ७६ ॥ कबित्त ॥ बदरान होइँदल आये कोई भूपन के बुंदवा न होइँ पञ्चबान झरिलायो है। दादुर न होइँ ये नकीव बोलैं ठौर ठौर मोरवा न होइँ हांक शोरन सुनायो है। बगुला न होइँ श्वेतध्वजा भगवन्तजीके चपला न होइँ शमशेरै चमकायो है। बालम बिदेश बिरहीनिन के मारिबे को जुगुनू न होइँ कामयामकी जगायोहै ७७ नजानी वहि देशघनघटाना घमंडिआवैं न जानी वहि देश मेघवा नरेशमरिगयो। नजानी वहिदेश मोरचातक न करत शोर न जानी वहि देश पापी पपीहा जरिगयो। न जानी वहिदेश रसबातहू न जानै कोउ न जानी वहि देश रस मदन मान मरिगयो। न जानी वहि देश ज्ञानरच्यो ना बिधातानाथ न जानी वहि देश ज्ञान ज्ञानिन को हरिगयो ७८ कारे कारे बदरा पवन लै प्रचण्ड करौ घनकी घनाक नेक चित्तहूं न धरिहौं। पापीये पपीहा के सचान लैके प्रान लेउं कोकिलाके कण्ठ कारे काटि काटि डरिहौं। झींगुर झँगार को बोलाइलेउ नीलकण्ठ शेषको बोलाइ सबै दादुर सँहरिहौं। आवन दे सावन रेमेरे मनभावन को रहुरे असाढ़ तेरे हाड़ हाड़ गढ़िहौं ७९ ग्रीषम बिताय ताय

रंग रंग बरसाके बरसि बरसि बारि सरस सोहायेहैं। द्विजबलदेव बलबागन बहारबर बाजतहैं बाजने बिहंगबन गायेहैं। बिशदबसन बकुबिलगबिलग व्योम बेलिन बितान,बनिता अतनतायेहैं। बिज्जुल बिपुल लखि बरही बोलत बैनमैनके बिरादर येबादरहू आयेहैं ८०
साजतसमाजै रूप केते उपराजै दिगदेशन मेंभ्राजै शोर सहित ह्वै आजैरी। दामिनीहूं छाजै दुरि व्योम पुनि बाजै बलदेव हितकाजै मोद महितल राजैरी। चित्त अनदाजै लहि मारुतकोभाजै फेरि घेरि घेरि गाजैसुरभी सों शिरताजैरी। आपनो मचाजै राखिलेती मम लाजै क्यों न बोलि ब्रजराजै ये लखावै घनसाजैरी८१
देके घेरि घुमड़ि घमंगड घहरान लगे तड़पि तड़ाक दे द्विचन्द हू घटागये। द्विजबलदेव अबै त्योंहीं सरसात जात जाहिर जनायो रंग कारेसे भरेभये। कबहूं सुरंग नील सोसनी सबुजसेत संयुत समीर कबेंपीतपट सेठये। सादर ले दामिनि निरादरके ग्रीषमको कादर करतमोहिं बादर नयेनये८२ आजै मेघवानको गयोरी रवकान को भुलानो मगमान को सँभारतहौ जानको। आदि करितान बलदेव गुणगानको लगायो मनध्यान को छटान को घटान को। तड़ित तटानको औ असित लटान को न जातिहौ अटानको ग्रसित ह्वै कटानको। मदन पटानको डेराती नारटानको जो नागर नटानको लयाती या चटान को ८३ ॥ सवैया ॥ धावनलागे घने बदरा चदरासी भराहरी छावन लागे। बंदि सुनावन

लागे शिखी रव दादुररोर मचावनलागे । गावनलागे मलारऔसावन चातककूक उठावनलागे । वैमनभावन आयेनआली विदेशीसबै घरआवनलागे ८४ ॥ कबित्त ॥ चंचलाकी चमकचहूंघा चोख चायनसों चाहिचाहि चित्तमें कृपाण चोटकैरहे । इन्द्रको शरासन शरासन सरसवानबुन्दके बिधानन बिनोदनबितैरहे । कहैनन्दरामतैसेचातक चकोरज़ोर बोलिबोलि बिरहीबलाके बिथवैरहे । आदरकै राखैंमान कैसेहूंकिनादरलैयमके बिरादर येबादरउनैरहे८५ ॥ सवैया ॥ आये असाढ़ घटा लखिके चपला चमकैं घनबीचसमैहैं । एकही बारबड़े बड़ेबुन्दपरैं क्षितिपै छहरानमचैहैं । भीजत देखिउठाय के कासरि लायगरे हरिमोहिं बचैहैं । ह्वै हैं अनन्दसबै ब्रजमें जब गोकुलचन्दजू गोकुल ऐहैं ८६ ॥ कबित्त ॥ तीर पर तरनि तनूजा के तमाल तरे तीजकी तयारी ताकि आई सखियान में । कहै पदमाकर सो उमगि उमगि उठै मेहदीसुरंगकी तरंग नखियानमें । प्रेमरंग बोरीगोरी नवल किशोरी तहाँ झूलती हिँडोरे यों सोहाई सखियानमें । कामझूलैउरमें उरोजनमें दामझूलैंश्याम झूलैं प्यारीकीअन्यारी अँखियानमें८७ भादोंमेंकारी निकरारी राति ह्वै है प्यारी जुगनू जमाति जोर जोर धमकावैंगी । घनन घमंडह्वै के बरषा अखंडह्वै केपवन प्रचंड द्युति दामिनी दबावैंगी । अरुण बरण ह्वै के इन्द्रबधू ठौरठौर मल्ल कवि कहे जोर आपनो जनावैंगी । पावस समैमें जोपै ऐहैंनहीं कन्त तौपै मदन मही-

पतिकी फ़ौजैं उठि धावैंगी ८८ घुमड़त घुमड़ि घुमंडि घनआये घने तड़पन चांडीचढ़ि तड़पनिसोहैंये। झझ-कत झंझाकी मझंझा झूमि झूमनिमें झुमक झराने झीने भिनफिनसोहैं ये। पूछत अगस्त को उदोतजानि पियको पजन लखि अंकुर अनेक उकसोहैंये। सिन्धु तासों दाबी दशहूं दिशान सोहै आज बादरा बिसोहैं सो बिसोहैं बिकसोहैं ये ८९ दिनन घरीको घनघेरि घहरानलागे अवनि अँधेरी ह्वैहै आभा इन्दरनकी। पथिक थोरही थोरी उमिरि अकेलो बीर अकुलाई नाहींगही गैल कन्दरनकी। द्रुमन लतानमें दिखात पै नजीकहीसो दुरिदुरिताई प्रवेततताई मन्दरनकी। कहै पजनेशकैसे दाहने दुर्त्रासोकाम डगरनगीच बीचबाधा बन्दरनकी ९० ॥ सवैया ॥ सावन शोक नशावनहै नहिं राम चरित्र मेरे मनभावन। भावन मोहिं घटा घनकी बनकी हरियाली लगी लुकलावन। लावनकोउ कहै उनको उनको करजोरिकहो गुणगावन। गावनमें सब कोसुखहै हमकोदुखहीदुखहै दरशावन९१ आयहोना ऐसेसावनमें मनभावन पावस कैसे बितायहो। तायहो कातनतापनते मनआपन होय सो लेखभेजायहो। जाय होजल्दचले पुनि पाछहि रामचरित्र अबेर न लायहो। लायहो औरकछूनाहमें जोवनैतोतुहींचट सों चलेआय हो ९२॥ कबित्त॥ दमकै दशोंदिशा दुनाली द्योढ़दामिनि की घनकैं नगारे भारे उर उलझनके। झनकै झनाक झुंड झींगुर निगर बाजैं सनकै समीर तीर शक्र शरा-

मनके। मनके समरमद मेचक झिलमधारे ठनके नकीबदर्प दादुर दमनके। मनके मदन बिन कामिनि कदनकेये आयेबीर बादर बहादर मदनके ९३ बरषै पुनरवसु धराहै उदार जहँ इन्द्रगोप गोपिकाली फिरैं घूमिघूमिहैं। द्विजहरषावैं पयपावैं चहुंओरनते अम्बर सुहावैं शिखिआवैं झूमि झूमिहैं। चपला सहित बहु यामजामैं घनश्यामगति अभिराम अतिचलैं झूमिझूमिहैं। चहुंघा तमालै हैं कदम्ब तालैं दीनद्याल पावस रसालैके विशालै भूमिभूमिहैं ९४ भादौंभरे सरवर नदी नारे धर धर धरापर मेघबुंद झर्झर झरति है। भरि भरि नयननमें नीरनिमैन मारी हारी बरि बरि अरि अरि बीरमें कहतिहै। धरिधरि देखौ करहियेहोत धरधर थर थरकांपै धर धीरना धरतिहै। हरि हरि जीवजात देखेलता हरिहरि हरिहरि हरहर रसना रटतिहै ९५ अम्बुज तटान फैलि फूटत फटान जैसे धावत नटान छवि छाईहै छटानकी। चातक रटान नदी नद उपटान जल अंगल बटान महा मारुत कटानकी। भीजत पटान बुंद चुवत लटान पुरवी तन लपटान मानो मदन घटानकी। पीवके तटान ओढ़े कुसुमी पटान अरु ठाढ़ीहै अटान लेत लहरै घटानकी ९६ बादर पटान कारे सटित सटान जनु धावत नटानन ज्यों बिज्जु सटकानकी। अम्बर झुमटानज्यों लपटत भुजटान देव बिजय निशान बुन्दउदित कटानकी। भनै जगेश्वर ऋतु-पावस भट जानियो चातक रटान कूक कोयल हटान

को। नदके तटान ओढ़े कुसुमी पटान ठाढ़ी देखत अटान चढ़ी लहरें घटान की ९७ छवै हैं नहिं इंदीवर ह्वैहैंना कलिन्दी माहिं नाहीं अब सखी श्याम बिन्दीहू लगायहैं। आनि जनि नीलमणिभूषणनिमेरी बीर दूरिकरि येरीमृगमदको न लायहैं। आलीकाकपालीकी न सुनिहैं रसाली कूक अबतो तमालन के कुञ्जमें न जायहैं। देखिहैं घटानको न चढ़िकै अटान वाम श्यामसंग बैर अब हमहूं चढ़ाय हैं ९८ झिल्ली झनकारें पिक चातकी पुकारें बनमोरन गोहारें उठै जुगुनू चमकिचमकि। घोरघनकारे भारे धुरवाधुरारे धामधूमन मचावैं नचै दामिनी दमकि दमकि। झूंकन बयारी बारिलूकनलगावैं अङ्ग कूकनभभूकन सों और मो खमकिखमकि। कैसेरहैं प्राण प्राणप्यारेयशवन्त बिन छोटी छोटी बूंदन सों बरसै झमकि झमकि ९९ लटकिलटकि मेघ बारिझहरनलागे तड़पितड़पिबिज्जु करै रव घोरिघोरि। फैलीहरियाई नीरबिहरी बहूटी बीर बापी सर सरिता करार जल छोरिछोरि। भनत दिवाकर बरस बायु झूंकिझूंकि झँकिझँकि बिपिन बिटपदेत झोरिझोरि। वोहीकाल बालब्रज साँवरो पियाके सेज कुच चुभुकाति मुसक्यात मुख मोरिमोरि१०० चीरफहरावन झुलावन संयोगिनको हियेहुलसावनरिझावनसोहायोहै। सुधिबिसरावन तरसावन सतावन जगावन अंतन शोर मोरन मचायोहै। धीरज गवावन बिझकावन झुकावन तावन तड़ित रसाल घन

धायो है । बिन मनभावन बढ़ावन बिरहप्रान सावन बितावन बियोगिनको आयोहै १ पावसके आवतइत सरवरमाहिँ हंस जलमाहिं होति देखी नित कलुषाई है। मानसर चलिबेकी सुरतिलगाई निज हंसिनी हु-बंसिनीहू हिये यादिआईहै । तहांके निवासी पक्षीप-क्षिनी कहनलागे प्रीति परदेशीकी हमैंना सुहाईहै । कैसी अद्भुतबरषाकी ऋतुआई जो संयोगिनि दुखदबिर-हिनि सुखदाईहै२ सासुतौ न्यारी ननँद सासुरेसिधारी रैनि अँधियारी कारी सूझत न करहै । प्रीतमकोगौन कविरायनसोहाय आली पवनहहायो अरु लायेमेघ झरिहै । सङ्गना सहेली गृहमांझ हैां अकेली अरु ब-यस नवेली तन लाग्यो मैनशरहै । आई अधरात मेरो जियरा डेरात जागु जागु रे बटोही यहां चोरनकोडर है ३ सरतट सुंदर नवीनगृह छाजै पुनि झिमि झिमि झिमि झिमि मेघकेतड़ाकेहैं । शोभित पलँग पर का-मिनी बहार पेखि पतिसँग हँसिहँसि सुखके झनाके हैं । बारुणीको पानकरैं गिजकसों फेरि फेरि शाल-ग्राम देखोकैसे मदके सनाकेहैं । जीवभनै चित्तसो अ-नन्द ऐसोकौनअहै बादरघुमैंडै ऋतुपावस झनाकेहैं ४ आइये जु श्याम घनश्यामलता मुरझगई प्रेमउरझाहै जुबिचार चितलाइये । सूखीहोय नालपैं सरोज कुंभि-लायगये चातक मनमोर गर्ज बांसुरी सुनाइये । उर बनमाल बक पंगत फबीहै किधौं पीतपट फहर बिज्जु नायु सरसाइये । कैसे बचैं हाय सुकुमाकर मरोरैं धरें

समझ मननीत नेह मेह बरसाइये ५ सुन्दर सरस ऊंचे महलमजाके मंजुझंझरी झरोखनमें जोयबोईकरिये। तड़ित प्रचंड औ घनानके घुमंडनमें प्रीतिरस प्यारीते समोयबोई करिये। परिपरियंकपै सुनीतनवअङ्कताय ह्वैकर निशङ्क लङ्कगोयबोई करिये। अधर कपोल रसरङ्गमेंमगनहोय गरकगलेफबीचसोयबोईकरिये६॥ सवैया॥ ह्वैहैं धुरवा धुरवारे अली द्विजदेव चहूंदिशि दौड़त ह्वैहैं। त्यों मनमत्त सखापै शिखी मनमोहनकूं को बिलोडित ह्वै हैं। पावस काल करालहहा ससा एकहू सङ्ग न छोड़त ह्वैहैं। फूलसे वै अंग पीउकेहाय घनी घन चोटन ओड़त ह्वैहैं ७॥ कवित्त॥ सावनी के ब्याज आज आई गाँव गाँवनते भावनते लोकुरी क-रनप्रसूनकी। गुरुजनहून सुहगुनन रिझावैं तहां गोरी गुनवती गाय तानैं टाह दूनकी। द्विजदेव सोहैं सबै अङ्गन सुरङ्ग चीर झालरैंझरोकौलगीं कोरनखूनकी। इन्द्रके बधूनकी सुदेखी छबि ऐनेहा हूलोकि देखुरी गोविन्द को बधूनकी ८ धुन्धुरित धौर धुरवान की मुकाईनभ जलधर धारैं धरा परसनलागींरी। द्विजदेव होती कछु ललित कछारैं त्यों कदम्बन की डारैं रस बरसन लागींरी। कालिन्दीते देखि बनबेलिनकी बन-क नवेलिनकीमति अतिसरसन लागींरी। बेगिलखु पातीवे सँघाती वाकोपालै देखु पावसअवाती ब्रजदर-सन लागींरी ९ कूकिकूकि केकी हिय हूकनि बढ़ावैं क्योंन बिषधरभोजनके अतिउतपातोरी। साजिदलबा-

दरडरावने डरावैं करैं येतो घनश्यामजूकेपरमसँघाती री। अजगुति एक तोहिँ बूझन चहति आलीद्विजदेव कीसोंकछु बूझत सकातीरी। अबला अबलजानि मू-नोपरीसेज माहिं केसेछन जोन्हन की दरकति छाती री१० दीनोमनरंचऊन चीठिन बसीठिनपै कीनोकान कानको न दीनअरजनिमें। द्विजदेव कोमों जऊँ हारी वे सिखायतऊँ सुमुखि सखीन को सुनीन बरजनिमें। येरीमेरी बीरधीर कौविधि धरैगी होय चातक चवा-इनिकी चोखी चरजनिमें। मेचक रजनिमें कदम्ब ल-रजनिमें सुमेघ गरजनिमें तड़ित तरजनिमें ११ बूझेहून सूझत सुघाटबाट जलथल बिनशी सकल मरयाद सब ठामकी। द्विजदेव देहरीके बाहर धरतपग फेरि सुधि करत न धामकी न ग्रामकी। बड़ति अथाहे कुल धरम निबाहे कौन बावरी बिलोकि यह भूकनि सुदामकी। पावस अँध्यारीहुती रोसिये डरारीतापै आठोयामरस बरसनि घनश्याम की १२॥ सवैया॥ होतेरहे नवअंकुर की छबि छाहँ कछारन में अनियारी। त्यों द्विज देव कदम्बन गुच्छन गईनये उनये सुखकारी। कीजिये कोरा सनाथ इन्हैं चलिये बनकुञ्जन कुंजबिहारी। पा-वस कालके मेघनये नवनेह नई वृषभान कुमारी १३॥ कवित्त॥ घन घिरिआयो बन सघन तिमिर छायो रैन को डरैंगेलेखि देखियो दृगनतें। नन्दजू कहत वृषभान नन्दनीसों नन्दनन्दराहिँ घरैजाहु लैके बेगिबनतें। गुरु के वचनपाय प्रेमकी रचनभरे चले कुंजतीर तरुदेखि

के बिपिनतें। यमुनाके कूलमें रहसि रसकेलि मयी ऐसे राधा माधौ बाधाहरो मेरे मनतें १४॥ सवैया॥ बादररेख उठी नभ में पुनि फैलिगई अति आतुरताई। श्यामतमालते भूमिभई तमपुंजछये तिहि औसरआई। घोरघटा घनधारलगी अँधियारभयो बिजुरी अरराई। लायहिये हरिको नँदराय डेरायउठे गउवैं छितिराई१५ कोउ जाइ शिखीगणा को सिखवै अनखातन क्यों मघवा खलसों। पपिहाऊ पियै किनजायके नीर अघाइके गोकुरके थलसों। अब ऊधो दया करि आये इते ब्रजबासिन पायो महाफलसों। थल बावरे दावरे बीचकरैं रह्यो मीनन काम कहा जलसों १६ करकी पहुरी जबलागि गई जबते ऋतुपावसकी बरकी। बर की सुधि आयगई जबहीं बरषैं बरषा वो धराधरकी। धरकी नभचन्दबहादुरके सजनी न लखैद्युतिचादरकी। दरकी छतिया सुमिरे बतियाँ पतियाँ न लिखै अपने करकी १७॥ कवित्त॥ भादौं गँभीरनीर बाढ़ो नदीनारन में उतरै न बटोही चित्त चञ्चल भ्रमावैंरी। पापीपपीहा मोर शोरकरैं बागनमें बाउरी बलाहक देह दावा सों लगावैंरी। करिके शिँगार मोतिनसों भराय माँगमाखन कविकहैं नेम आपनो जनावैंरी। जिया हुलसावैं तिया लोने गीतगावैं हम रामचन्द साहव की साहवी मनावैंरी १८ श्यामघन आवैं घेरि बिज्जु चमकावैं मन मदन जगावैं कूक बिरही मचावैंरी। मोहन पै जावैं ममसदनको लावैं बलदेव गुणगावैं हित तोसों सरसा-

वैरी । आनँद मचावैं तब पासहूभावैं गुणामारुत चलावैं हठि हियो हुलसावैंरी । अभिमत पावैं दुख नेकहू न छावैं चित धीरज बचावैं बिरहागिको बुझावैंरी १९ केते रूपताने धनपावस कमाने डरनेकहू न माने गहि दामिनि कृपानैरी । घूमि घहराने बलदेव बल पानै अरु देतहैं निशाने सो किसाने सुख जानैरी । आवत शौकाने भेद ताको पहिँचाने मनमदनकी खानै सरसानै उंदवानैरी । कीजै ना गुमाने नेक मेरीकही माने अम झाने हरिमाने करिआनै मुद ठानैरी २० घन घहरात थहरात अङ्गअङ्ग सब नीर छहरात राततम अतिछायो री । द्विज बलदेवकहै दादुरि दरारैं और झीली झन-कारैं मोर शोरको मचायोरी । बचीहों बसन्तते उपाय करि प्राणरहेग्रीषम बितायकै अकेलीकरि पायोरी । पावस कृपाणकरि चपलाकी जीतिवेको अबहीं बराय गयो फेरि झपिआयोरी २१ कैसे उपायपाय पावस जगावै मैन जियरा डरातसुनि मेघके नगारेको । द्विज बलदेव कहै दादुरि मचायो शोर मोर बरजोर और जोर जलधारेको । चलत समीर शुचि त्रिविध न धीर रहै दामिनी दमकि ललचावै जी हमारे को । एते तौ सबाँरि साज नितही सतावैं सखी दोष कहो कौन है बिदेशी वै बिचारे को २२ काजरसे कारेघन साजिकै सिधारे अब देत ये नगारे बरबारे जलधारे हैं । आनँद मचारबलदेव हितकारे उमगात नदनारे ह्वै किनारेसम धारेहैं । मदनप्रचारे सुनिझीली झनकारे दिनआतपहू

गारे नभतारे ना निहारेहैं । चोर पटवारे नखअग्र गिरि धारे बनमाल उरडारे ते हमारे रखवारे हैं २३ ॥ सवैया ॥ घेरी घटा घनकारी चहूँ दिशि शोर कठोर रहे करि दादुर । बन्द छटा छबिछाई हरी भरी भुम्मिलतानन की बिछीचादर । आदरसों रहे कूकि शिखी निशि कारी अँध्यारी करै हियकादर । ताल तमाल न शाल बिशाल रसालनपै बरषे घनेबादर २४ ॥ कबित्त ॥ मालती बितानपर भौंरन निवासकीन्हो मदमतवारे मन्द मन्द गुरगावहीं । कहै नन्दराम जोर मोरन को शोर सुनि उरमें दरारहोत भीली भहरावहीं । नद उफनात नदी नारनको जातघन घूमि घहरात नये नेरेनीर आवहीं । नज्जतन देखियत सज्जल जलदकारे कज्जल गिरीश कारे उपमा न पावहीं २५ देखौ नन्दराम यह पावसी समाज जोरि आइगो मनोज महि मण्डल समातना । देखुरी घटाको घेर ह्वै रहो कटाको साज याहू ते घटा को जौन जीवन देखातना । पटको पटाको सुनि छाती में छटाको छतहोतहै भटाको हित राँको दरशातना । जायहै अटानप्रान देखिके अटाकारूप बिद्युत छटाकारी चटाको सहिजातना २६ बाटिका बिहङ्गनपै बारिगा तरङ्गन पै बायु बेग गङ्गन पै बसुधा बगार है । बाँको बेनु तानन पै बङ्गले बितानन पै बेश औधपानन पै बीथिन बजारहे । बृन्दाबन बेलिनपै बनिता नवेलिनपै ब्रजचन्द केलिनपै बंशीबटमारहे । बारिके कनाकन पै बद्दलन बाँकनपै बिज्जुली बलाकनपै बरषा बहारहे २७ हरखे

हरीलहवै अमरखे अनङ्ग हेत करखे कलापी चोपि चातक चमूपिली । उमड़े घटा हैं मानि करने छटा हैं छटाफेरत पटाहैं ठटा शूरकी हटाकिली । घेरिकै अड़ेहैं बिन बूंदन लड़ेहैं औध आनँद खड़े हैं देखि दादुर बड़े दिली । कादर बियोगी हारि चादर बलाकफेरि बादर बहादुरको नादिर फतेमिली २८ येरी ऋतुपावस में मोर घोर रोरकरैं ठौर२ मंडुक कठोर शोर वैरह्यो । देखिकै बकालीरी कपाली अरिजाली हाली आली बनमाली बिन काली मोहिंकै रह्यो । दामिनी दमंक बीच यामिनीबिलोकि नित कामिनीसकात बातमुख पै न धैरह्यो । झिल्ली झनकारैं मेघवारिधारधारैं पिक कोकिल पुकारैं यो महेशदत्त ह्वैरह्यो २९ ॥ सवैया ॥
छोट नदीनद मार्गहि रोंकत दिसु बिदुर्सहिँ धारबही । छान छवाय सुखी सबलोग भेदेखत हर्ष बहार सही । नारिन मार बढ़ो झरिलागत कोकिला शब्दहिकूकि रही । द्विज शालग्राम हरि:शरणं ऋतु पावस भूमि झमाकि रही ३० आई असाढ़की कारीघटा घहरान लगे बदरा चहुँओरकै । दूजे जो कन्त बिदेशगये सुधि पाई न नेकरही मगहेरिकै । उमराय स्वभाउ बिहङ्ग कहे मृदुबैन कहै जो सखी कहे टेरिकै । सोने से चोंच मढ़ैहों तेरी बलिजैहों पपीहा पिया कहुफेरिकै ३१ ॥
कबित्त ॥ सावन के मास मनभावन के सङ्ग प्यारी अटा पर ठाढ़ीभई घटाअँधियारीमें । दामिनीके धोखे चकचैांधे दृग कबिनाथ छबिनसों मुरि दुरै पियअङ्ग वारी

में। कोटि रतिवारौं ऐसी राधाजूके रूपपर रम्भारङ्क कहा शङ्कशचीके निहारीमें। पागिरही रसजागिरही ज्योति लाजनिमें नेह भीजोवेह मेहभीजो श्वेत सारी में ३२ गये.कहि आवनन आये यहि सावन में ऊधो मनभावन भुलाय रहेहैं तहीं। ह्वैरही बिहाल बाल ब्रजको गोपाल बिना रैन दिन नैनते अपार धार ह्वै बहीं। बैठि जन पुंज ठाम यमुना निकुंज धाम छाँड़ि श्याम पाहि वहां सोहत नहींकहीं। गरजैंहैं घन घोर लरजैं हैं बन मोर नन्द के किशोर सुनि अरजैं अजौं नहीं ३३॥ सवैया॥ सावन के दुखदावन ये घनश्याम बिना घन आनि सतावैं। तैसे मिले तिन्हैं आनियमोर सुजोरके शोरजरेपै जरावैं। प्यारेको नाम सुनायसखी हिये पापी पपीहा ये शूल उठावैं। नेह नवेली भरी अबहो दिन दोइक पीय जो और न आवैं ३४ भादौं की कारी अँध्यारी निशालखि बादरमन्द फुही बरसावैं। श्यामाजी आपने ऊँचे अटापै छकी रस रीति मलारहैं गावैं। तासमै नागरके दृगदूरिते चातक स्वाति की मौजमें पावैं। पौन मयाकरि घूंघटटारै दया करि दामिनी दीप देखावैं ३५ चहुँ ओरन ज्योति सँगावै किशोर जगी प्रभा जेवन जूटीपरै। तेहिते झरिमानों अगार अनी अवनी घनी इन्द्र बधूटी परै। चहुँनाचैं नटीसी जराव जटीसी प्रभासेपटीसो नखूटीपरै। अरी एरी हटापटी बिज्जु छटाछटी छूटी घटानते टूटीपरै ३६ आई सोहाई नई बरषा ऋतु रीझ हमारी सोई पिय

कीजिये । जैसेही रङ्गलसै चुनरी मम तैसेहि पाग तुम्हूं रँगलीजिये । झूलापै झूलहिं एकहीसंग मुबारकएतो कहो पुनि कीजिये । जैसे लसै घनश्याम सों दामिनि तैसे तुम्हारे हिये लगि भीजिये ३७ ॥ कवित्त ॥ चातक चिहुँकमत मुरवा कुहूँकमत झींगुर झिहुँकमत भेकी मननाय मत । चकवा चिकार मत पपिहा पुकार मत बूँदझर धारमत धारवहराय मत । कृशालालगाय मत पीर उपजाय मत वालमविदेश पाय मैन तनतायमत । पौन फहरायमत चपला चवायमत धायमतधुरवा औ घनघहरायमत ३८ उमड़िघुमड़ि घनआवत अटानचोट छन घनश्योति छटा छटकि छटकि जात । शोर करैं चातक चकोर पिक चहुँओर मोर ग्रीव मोरिमोरि मटकिमटकिजात । सावनलौं आवन सुनोहै घनश्याम जूको आंगनकों आय पाय पटकिपटकि जात । हिये बिरहानल की तपनि अपार उरहार गजमोतिन को चटकि चटकि जात ३९ ॥ सवैया ॥ सजि सूहे दुकूलन बिज्जु छटासी अटानचढ़ी घटाजोवतीहैं । रँगरातीसुने धुनि मोरनकी मदमातीसँयोग सँजोवती हैं । कहिठाकुर वेपिय दूरिबसैं हम आँशुनते तनधोवतीहैं । धनि वे धनि पावसकीरतियां पतिकी छतियालगी सोवती हैं ४० कूकिहैं केकी गिरीनके ऊपर भूपर काम कमानलै झूकिहैं । झूकिहैं चन्दनधूनके बुन्दन फूकिहैं मन्द समीरन चूकिहैं । चूकिहैं प्रान बिना घनश्याम के श्यामघटा तनदेखतहूकिहैं । हूकिहैंदैके हियोकरि

टूक अँध्यारीनिशामें पियाकहि कूकहै ४१॥ कवित्त॥ पावस अमावसकी अधिक अंधेरीराति साहुहै प्रवास मेरी ननँद नदानजू। सूनो सुखभौनहै परोसको भरोस कौन पाहरू न जागतपुकारपरे कानजू। पंडितप्रवीण प्यारो बसत विदेशपति यातेहै अँदेश अवरसिक सुजानजू। एहो ब्रजराजराजसुनिके अरजमेरीआजु बसि जैये बसिजैये तौ बिहान जू ४२ घन मतवारे गज्ज पौन हरकारे बकबोर निरवारे मोर ढाढ़िनकी तानपर। बिज्जु बरछीनकी चमक चहूं ओरनते त्यों नकीव चातक पुकारन प्रमानपर। देखिदेखिकांपत बियोगी जन कातर सुबेनीकविकहैं इन्द्र धनुष निशान पर। कोकिलकी कुहुक दुहाई फिरी ठौरठौर पावस प्रबल दल आयो महिमानपर ४३॥ सवैया॥ केकीकिकूक पिकी कि पुकार चहूंदिशि दादुर दुंदि मचायो। भूमिहरी चमके चपला अरु श्यामघटाजुरिअम्बर छायो। ऐसेमें आवन होइलखू अबला लखिलाल सँदेश पठायो। बावनको परभो बिरहासो अहो मनभावन सावन आयो ४४ आवतेगाढ़ असाढ़ के बादर मोतनमें अति आगि लगावते। गावते चातकचढ़े पपिहा जिन मोसों अनंगसों बैर बँधावते। धावते बारि भरे बदरा कविश्रीपति सूछियरा डरपावते। पावतेमोहिँ न जीवते प्रीतम जोनहिं पावसमें घरआवते ४५॥ कवित्त॥ बोलतब मोरगायो चंदनमलीनभयो चातक रहनि बकी काहेते भुलानीहै। कोकहू मिलेहैं तिन्हैं दुख सरसान्यो अति

हरय चकोरनके प्रीति कुम्हलानीहै। बंशीधर काहे भौर मंडित कलोलकरैं कोकरि अडोलरहे सौत मन हानीहै। चंचला हेरानी घनबानीको न लेसरह्योकौन रीति पावस की आजु दरशानी है ४६ उठे घनजाल देखि दामिनि कपाल देखि देवराज चापदेखि त्रास अति पावतो। बुंद वृन्दपातदेखि सूर्य अप्रकाश देखि दिनहूको अंतरदेखिचैनहूं न पावतो। नभको वितारदेखि बायुसुख चारदेखि अति अंधकार देखि मोमेंमन लावतो। होतो उहांपावस तौ येरी सखी बातसुनौ बीस बिसे आजही हमारो कन्तआवतो ४७॥ सवैया॥ काहे को रूसत पावसमें इन बातन तोहिँन कोऊ मराहै। पौनलगे लहराती लतातरु कुंजकदम्बमें केकीकराहै। बोल सुहावने चातककेलगें इन्द्रबधू गगाधाईधराहै। बोलि पठाई उतै उनये उनये नये देखिनये बदराहै ४८ बहु फूलैं कदम्बनिकुंजनमें अरुभावतो पौनवहैनितमें। बरजैं जनिकोऊ मयूरनको गरजै घन आपनेहीमतमें। शिवलालभयो मनभायो जितो अबऔर करौगातितो नितमें। बरसाइतमें घरआइगये बड़भाग भटू बरसाइतमें ४९॥ कबित्त ॥ श्यामघन आये आली श्याम परदेश छाये श्यामकंद गात्रआगि अंगमें बढ़ैलगी। श्यामकंठ बोलिसुनि श्यामकंठमेंरिआवै कोकिलाहूकूकिकूकि प्राणन कढ़ैलगी। झिल्ली मंडूक कूक सुनिहिये होत हूक रामदास तातगुणनिधिपै चढ़ैलगी। रैनिअंधियारी होन लागी द्रुम बाढ़ी दशाकन्त बन्त प्यारीकू

पयानासो करैलगी ५० सीरीसोरी बही चहूं ओरते बयारि बड़ी घटन बगारि बड़ो आसरो सेरैरहो। याहीहेतु छोड़िकेनदीनि नद येतेदिन तेरी आशागहेतेरी ओर तकतैरहो। नीरदतू आपनो बिचारि देखु नाम शम्भुकहांऐसे औसरमें ऐसो हठलैरहो। गरजि २हुलसायो हियो चातकको बुंदनके समैमें निमुंद मुखकै रहो ५१॥ सवैया॥ दादुरि चातक मोर करो किनशोर सुहावन के भरुहैं। माहतेही सोईपायो सखी मोहिं भाग सोहागहुको बरुहैं। जानि शिरोमणि साहिजहां ढिग बैठोमहा बिरहा हरुहै। चपला चमको गरजो बरसो घन आशपियातो कहा डरुहै ५२ ऊंचीअटापै लखैं घटादोऊ दुहूंनको ह्वैरहि रूप कलासी। बेणी बड़ेबड़े बुंदनते इकबारही बारिध कीन हलासी। चौंकिचली बिचली गचपै लचकी कारहां कुचभार छलासी। त्योंघनश्याम गही अबला फिरिकै गरे लागि गई चपलासी ५३ ॥ कवित्त॥ तीरहैन बीरकोऊ करैना समीरधीर बाढ़ोग्रम नीरमेरो रह्योना उपाउरे। पंखाहैन पासएक आसतेरे आवनकी सावनकी रैनि मोहिं मरत जियाउरे। संगममें खोलिराखो खिरकी तिहारे हेत होतिहैं अचेत मेरी तपनि बुझाउरे। जानु जानिजानोकौन कीजिये उतालगौन पौनमीतमेरेभौन मन्द २ आउरे ५४ दिशि बिदिशानते उमड़ि मंढ़ि लीन्हो नभ छोरिदिये धुरवा जवासेयूथ जरिगे। डहडहे भये द्रुमरंचक हवाके गुण कुहकुह मुरवा पुकारि

मोद भरिगे। रहिगये चातक जहांके तहां देखतही शोभनाथ कहूं कहूं बुंदहून करिगे । शोरभयो घोर चहूंओर नभ मंडलमें आये घनआये घनआयकेउमड़िगे ५५॥ सवैया ॥ हरीहै सबैसुधि बुद्धिहरी तियसेजपरी तन चेतनरीहै। नरीहै कहां रति रूपरतीकन सोनेके सांचेढरी पुतरीहै। तरीहै मनोजमहानँदकी नृपशंकर शोभित लाल डरीहै। डरीहै खरी यहि पावसमें शिखि शोरसुने लखेभूमि हरीहै५६ धावन भेजु सखी वहिदेश बसे जेहिदेश पियामनभावन। भावनभोरया लूकलगी तनबोच लगी जियरा भरमावन। सावनमें न भयो हनुमन्त दोऊमिलि झूलि मलारहि गावन । गावनमोहिं सुहातनहींबदरा बदराहलगेझुरिधावन५७ कबिवेनीनई उनईहै घटा मुरवा बनबोलत कूकनरी। छहरै बिजुरी क्षिति मंडल छवै लहरै मनमैन भभूकनरी। पहिरो चुनरी चुनिकै दुलही सँग लालकै झूलिये झूकनरी। ऋतुपावस योंहीं बितावतीहो मरिहौफिरिबावरी हूकनरी ५८ ॥ कबित ॥तीजनीके रोज सबसजनी गईरी उहां झूलन हिंडोला ब्रजबाला बीर बरबर। तोयनिधि तौलों उठिधुरवा धरालों घूमिधाराधर धरिगा बरसि परो धरधर। मोहिं तौ कन्हाई करिकामरी बचाइलीनो और सबभीजी तिनतनहोयँ थरथर। ऐसो बरताउं यहिगाउं मो गरीबिनीकोदेखि सूखी चूनरी चवाउ फैलो घरघर ५९॥ सवैया॥ चमकैं चपला झमकैं जुगुनू रव झींकनको भय छावत हैं।

पिक झिल्लिन को गन मोरनबों मिलिके अति शोर सुनावतहै। कबिगोकुल प्यारी बिना गिरिधारीकहो अबकौन बचावतहै। उतिओर लखो छिति छोरछिते घन घोरतसों चलो आवत है ६० बुरवानकि वारनि मानो अनंगकि तुंगध्वजा फहरान लगी। नभ मण्डल ह्वै छितिमण्डल छवै छनजोति छटा छहरानलगी। मतिराम समीरलगे लतिका बिरही बनिता थहरान लगी। परदेशमें पीवन पायो सँदेश पयोद घटा घहरानलगी ६१ ऋतुपावस श्यामघटा उनई लखिके मन धीरधिरातो नहीं। धुनि दादुर मोर पपीहनकीसुनिके सन चित्त थिरातोनहीं। जबते बिछुरे कबिबोधाहितू तबते उरदाहु बुझातो नहीं। हमकौनते पीरकहैंजियकी दिलदारतौ कोऊ दिखातो नहीं ६२॥ कबित्त॥
फुही फुही बुंदझरैं बीरबारि बाहन ते कुहू कुहू सुनि परै कूक कोकिलानकी। ताही समय श्यामा श्याम झूलत हिँडोरेचढ़े वारौं छबि कोटिनमैं रति पंचबान की। कुण्डल लटक सोहै भृकुटी मटकमोहै अटकाचटक पटपीत फहरानकी। झूलति समयकी सुधि भूलति न हूलतिरी झूकनि झुकनि उझकोरनि भुजानकी ६३ कारे २ बादर डरावने लगत अब दादुर की धुनि सुनि भूले दयातनकी। बुंदकी झकोर झकझोर पुरवाई करै हरै मनमोह घोर चहूँ ओर बन की। हरी २ लतिका करावै घरी २ यादि इन्द्रगोप लखि लालमुक्त मालगनकी। नन्दके कुमार बिन लागो उर मार कधो

पपिहा पुकार झनकार झींगुरन की ६४ ॥ सवैया ॥
परकारज देह को धारे फिरौ परयन्य यथारथ ह्वै दरसौ । निधि नीर सुधा के समान करौ सब भाँतिन सज्जनता सरसौ । घन आनँद जीवनदायक हौ कछु मेरियो पीर हिये परसौ । कबहूँ वा बिसासी सुजान के आंगनमो अँशुवानहु लै बरसौ ६५ भजि वेगिचलो मथुराको भटू बचिहै न कोऊ करि जोरनरी । घिरि कारी डरारी घटा नभते लटकी धुरवानकि डोरनरी । अति चाव चढ़ी लहकै चपला बहकै वरहीन के शोरनरी । वह पाछिलो बैर सम्हारि पुरन्दर चाहै अबै ब्रज बोरनरी ६६ भूमि हरी चहुँ ओर भरे जल है सुथरो ऋतु आई अषाढ़ी । मीठो महाधुनि मोरन की कबिराज सुने सबकी रुचि बाढ़ी । झूलत गोपी गोपाल मिले वृषभानके आँगन भोरहै गाढ़ी । हेरे हरी मिस वाकी बटाभरि फेरि घटा में अटा पर ठाढ़ी ६७ उत कारी घटा इतमों अलकैं बक पांति उतै इत मोति लरी । उत दामिनि दन्त चमंकैं इतै सुर चाप उतै इत भौंह तरी । उत चातक तौ पिउपीउ रटै बिसरै न इतै पिउ सक्र घरी । उत बुन्द अगाध इतै अँशुवा बिरहीते मनों घन होड़ परी ६८ ॥ कबित ॥ आयो सखि सावन बिदेश मनभावन जू कैसे करि मेरो चित हाय धीर धारिहैं । ऐहैं कौन झूलन हिँडोरे बैठ सङ्ग मेरे कौन मनुहारि करि भुजा कंठ धारि हैं । हरी चन्द भीजत बचैहै कौन भीजि आप कौन उर लाइ काम ताप नि-

रवारिहैं। माव समैं घनपरि कोक बहुभेहै हाय कौन मेरी प्राणप्यारी कहिकैपुकारिहैं ६९ घहरघहरघहरात चहूँघाते घेरि सघन घुमड़िघनघन बरसत हैं। छहर छहर छहरात छितिमण्डल पै छूटिछूटि बुन्दन से छरा को छरत हैं। भहर भहर भहरात भौन भीति भारी भीति भारी भारती के भौनहूँ भरत हैं। थहर थहर थहरात मेरो गात आली बिजय अनन्द बिदेश में बसतहैं ७०॥ सवैया॥ भूमि हरी भई गैलैं गईं मिटि नीर प्रवाह बहावे बड़ाहै। कारो घटाने अँधेरो कियो दिन रैनिमें भेद कछू न रहाहै। ठाकुर भौनते दूसरे भौन लौ ज्ञातबनै न बिचार सहाहै। कैसेके आवैं कहाकरैं बीर बिदेशी बिचारे न दोष कहाहै ७१ घूमि घटाघन की गरजैं चमकैं चपला छिति छ्वै फिरैं फेरी। शोर करैं चहुँ ओरते मोर जुरीकरैं कोलिया कूक घनेरी। गोकुल सीरो समीर लगी केहि भाँति सो धीर रहैंगे घरेरी। मोहिं बिना यह सावनकी निशि भावन कैसे बितायहैंयेरी ७२ घेरिघटा उनईचहुँघा सनएकमेंबिज्जुछटा छबिछायहैं। ग्रीपतिरायकहा करबी अरबी करिके पिक चातक गाय हैं। कारो पिछौराउतारि इहा अवचूनरीलाल अनूप सोहायहैं। होंजुसुनी घरी चारिकमें तिया आजु तिहारे पिया घरआयहैं ७३॥ कबित्त॥ एकतौ बिदेशो बिन सेनेही दुखीहैं हम दूसरे प्रचण्ड लागेपावस सतानेरी। बसतजू बादरकोआदर न मेरेयहां अजब अनारीआप बिरहबढ़ानेरी। बर्षिबे

कोईघदेतौ जायमथुरामेंबसे सांवरे मिलेंवेतोहिं सौत कोविक्तानेरी। गरजञसालेनेक हरजइमारोकरे गरज नजानेंमेघ गरजनजानेरी ७४ कैसेंचितचोरें गुणा पवन झकोरें मोर अति करजोरें शोरें सुखमावदनके। द्विज बलदेव बरबानिक बसनबेश बीजुरीलैचायेहैं बिरादर मदनके। तूही यशलीजे दरशायनेक दीजे अधरामृत को पीजेमोद दाडिम रदनके। प्राणप्रिय पावसअनंद अतिछावन ये आयेवीर सावन सोहावन सदनके ७५ काजरसे डारेलखि मोरगण भारे कूककीन्हेंदईमारे मोदछाये अतिमीनको। द्विजबलदेव बकपंगति विशेष ताई त्योंही शोर मचिडत मँडूक गन पीनको। भरत सनाके नाके नाकेसब घेरिलिये कैसी करिवे है उर शोभ धरदीनको। धंधुर धुधारे बराधारे अतिभारेसारे आयेघनकारे डरपावैं बिरहीनको ७६ ॥ सवैया ॥ नई नेरखी भईहो कहा तुमहीं उमही रहती मति दीन्ही दई। दई कान्ह की बीरोम लेत भटू तुम्हैंया बतिया कहो को सिखई। खई सें न बडो भयो कोऊ कहूं छिनहीं अतिहीरिसमधरिगई। गईभारमें नाहीनाहीं करा लखो कैसी घनेरी घटा उनई ७७ प्यारो मनावत प्यारी न मानति बैठिरही करि प्रीति की टूटन। कारी घटा घहरान लगी छुटगी तब चौंकि चितै चहु खूटन। आय डेराय लगी पिय के हिय सो कवि देव सुनो सुख लूटन। मानतो छूट्यो मरूकरिके मनतेनहीं छूटति मानकी छूटनि ७८ दुख दूरभयो वहि ग्रीषम

को करिबे पिक चातक गानलगे। चपला चमकैलगीं चारों दिशा निशिमें जुगुनू दरशान लगे। गिरिधारन पावस आवतहीं बकवृन्द अकाश उड़ान लगे। धुरवा सबओर दिखानलगे मोरवानके शोर सुनानलगे ७९॥

कवित्त॥ कारी अँधियारी रैन बीजुरी चमंके सैन दादुरके बैन मेघ बरसै फुहूँ फुहूँ। पवन झकोर झोर झिल्लिन की घोर शोर चातक चकोर मोर कुहुँकैं कुहूँकुहूँ। ताहीसमै सुधि मनठानी मनमोहनकी ढुरै लागे आंशु नेक नयनसे लुहूँ लुहूँ। मसकि मसकि प्यारो ज्यों ज्यों लपटात जात त्यों त्यों मुख मोरि मोरि करत उहूँ उहूँ ८० लपटि लतासी परयंक पटियामें रही डोलैना डोलाये कर पायन दुहूँ दुहूँ। केती केती भांतिनसों हरिजू बुझाय हारे कोकिलाके नाईं जैसे कुहुँकै कुहूँ कुहूँ। मेरी ओर फेर मुख बीरहू न खात काहे उरसों लगाइ कर बोलत मुहूँ मुहूँ। मसकि मसकि प्यारो ज्यों ज्यों लपटातजात त्यों त्यों मुख मोरि मोरि करत उहूँ उहूँ ८१॥

सवैया॥ छगाहीं छगा दौरैं दुरै दरशो छबिपुंज किशोर जमासे करै। अति दीन बिना पिय जान जिये विरहीन हिये बरमासे करै। अरु देखी भई कबहू थिरह्वै घनको हरिकी उपमासे करै। चहुंघाते महा तरपै बिजुरी तम तोममे आज तमासे करै ८२ गरजे घन दौरि रहे लपटाइ भुजा भरिकै सुख पागी रहैं। हरिचन्दजू भीजि रहैं हियमें मिलि पौन चले मद जागी रहैं। नभ दामिनिके दमके सत-